आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारतसरकार Government of India
रेलमंत्रालय Ministry of Railways
रेलवेबोर्ड(Railway Board)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

RBA No. 06/2023

No. 2017/ACII (CC)/TAMS/37/1-e-Part 1 **New Delhi, Dated: 10.03.2023**

General Managers
All Zonal Railways

Sub: Online Coaching Balance Sheet and Electronic Cash Remittance Note (e-CR)

****

As you are aware Board has approved implementation of TAMS for online submission of Station Balance Sheets and associated documents by Stations. In this regard instructions have already been issued that from 1st March 2023, all balance sheets for goods traffic should be prepared through TMS and submitted electronically.

Now the development and testing in respect of Coaching Balance Sheet is also completed. It has, therefore, been decided that from the date of issue of this letter, all e-CR Notes for coaching traffic should be generated through the system (UTS) and transmitted electronically (non-editable, read only) along with relevant documents from UTS to TAMS.

No manual Balance Sheet will be sent for the month of February 23. For this purpose, TA office will update the closing balance in Balance Sheets of January'23 in TAMS. This data will become the opening balance for the month of February'23 in UTS. To map the closing balances of TAMS into UTS, the following steps may be taken:

1. The heads which are available in TAMS and not in UTS balance sheet may be created.
2. The heads available in TAMS balance sheet are sufficient and are standardized across Indian railways. The same may be adopted in UTS Balance sheet.

System Balance Sheet of February'23 will be submitted to TAMS through UTS invariably along with relevant documents. The already finalized Balance sheet for the month of February'23 may be reset by CRIS and station are required to finalized the same after verification of opening balances. The scheduled date for submission of system Balance Sheet from the next month onwards shall be 4th day of the following month beyond which, Balance Sheet submission will not be available in the system. Kindly also ensure that the internal processes are finalized for old transactions i.e pertaining to month before February' 2023 for which credit will be given with matching window of UTS and TAMS.

CRIS may preserve all the documents viz. Balance Sheet, e-CR and other station returns generated from system as per codal provision.

This issues in consultation with Commercial directorate of Railway Board.

(Sanjeev Sharma)
OSD/Accounts

(Vipul Singhal)
Director Passenger Marketing

Copy to :
PCCMs, PFAs; All Zonal Railways
GM(UTS), GM(PRS), GM(TAMS)

भारत सरकार/GOVERNMENT OF INDIA
रेल मंत्रालय/MINISTRY OF RAILWAYS
(रेलवे बोर्ड/RAILWAY BOARD)

आरबीए सं. 06/2023

सं. 2017/एसीII(सीसी)/टीएएमएस/37/1-ई-पार्ट-1 नई दिल्ली, दिनांक: 10.03.2023

महाप्रबंधक,
सभी क्षेत्रीय रेलें।

विषय: ऑनलाइन कोचिंग तुलन-पत्र और इलेक्ट्रॉनिक रोकड़ विप्रेषण नोट (ई-सीआर)

जैसा कि आपको ज्ञात है कि बोर्ड ने स्टेशनों द्वारा स्टेशन तुलन-पत्र और संबंधित दस्तावेजों को ऑनलाइन प्रस्तुत करने के लिए टीएएमएस के कार्यान्वयन को अनुमोदित कर दिया है। इस संबंध में अनुदेश पहले ही जारी किए जा चुके हैं कि 1 मार्च 2023 से माल यातायात के लिए सभी तुलन-पत्र टीएमएस के माध्यम से तैयार किए जाएं और इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रस्तुत किए जाएं।

अब कोचिंग तुलन-पत्र के संबंध में विकास और परीक्षण का कार्य भी पूरा हो गया है। इसलिए, यह निर्णय लिया गया है कि इस पत्र के जारी होने की तारीख से, कोचिंग यातायात के लिए सभी ई-सीआर नोट्स सिस्टम (यूटीएस) के माध्यम से जेनरेट किए जाएं और यूटीएस से टीएएमएस तक संगत दस्तावेजों के साथ इलेक्ट्रॉनिक (गैर-संपादन, रीड ओनली) रूप से प्रेषित किए जाएं।

फरवरी 2023 के लिए तुलन-पत्र मैन्युल तरीके से नहीं भेजा जाएगा। इस उद्देश्य के लिए, टीए कार्यालय टीएएमएस में जनवरी 2023 के तुलन-पत्र में समापन शेष राशि को अपडेट करेगा। यह डेटा यूटीएस में फरवरी 2023 के लिए अथ शेष बन जाएगा। टीएमएस के समापन शेष को यूटीएस में मैप करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए जाएं:-

1. जो शीर्ष टीएएमएस में उपलब्ध हैं और यूटीएस तुलन-पत्र में नहीं हैं, उनका सृजन किया जाए।

2. टीएएमएस तुलन-पत्र में उपलब्ध शीर्ष पर्याप्त हैं और भारतीय रेल में मानकीकृत हैं। इन्हें यूटीएस तुलन-पत्र में अपनाया जाए।

फरवरी 2023 के सिस्टम तुलन-पत्र को संगत दस्तावेजों के साथ यूटीएस के माध्यम से टीएएमएस में प्रस्तुत किया जाएगा। फरवरी 2023 के लिए पहले से ही अंतिम रूप दिए गए तुलन-पत्र को क्रिस द्वारा पुनः तैयार किया जाए और स्टेशन को अथ शेष के सत्यापन के बाद इसे अंतिम रूप देने की आवश्यकता है। अगले महीने से सिस्टम तुलन-पत्र प्रस्तुत करने की निर्धारित तिथि आने वाले महीने की 4 तारीख होगी, जिसके बाद, सिस्टम में तुलन-पत्र प्रस्तुत नहीं किया जा सकेगा। कृपया यह भी

सुनिश्चित करें कि पूर्व लेनदेन अर्थात फरवरी 2023 से पहले के महीने के लिए आंतरिक प्रक्रियाओं को अंतिम रूप दिया जाए, जिसे यूटीएस और टीएएमएस की मैचिंग विंडो के साथ क्रेडिट किया जाएगा।

क्रिस द्वारा सभी दस्तावेजों यथा तुलन-पत्र, ई-सीआर और सिस्टम से जेनरेट अन्य स्टेशन रिटर्न को कोडल प्रावधान के अनुसार संरक्षित किया जाएगा।

इसे रेलवे बोर्ड के वाणिज्यिक निदेशालय के परामर्श से जारी किया जा रहा है।

(संजीव शर्मा)
विशेष कार्य अधिकारी/लेखा

(विपुल सिंघल)
निदेशक यात्री विपणन

प्रतिलिपि प्रेषित:
पीसीसीएम, प्रधान वित्त सलाहकार; सभी क्षेत्रीय रेलें
महाप्रबंधक (यूटीएस), महाप्रबंधक (पीआरएस), महाप्रबंधक (टीएएमएस)